**Regarding need to sanction central assistance for establishment of ?Warli Haat? in Palghar district, Maharashtra for promotion of Warli Art and Culture-Laid**

डॉ**.** हेमंत विष्णु सवरा **(**पालघर**) :** मैं संस्कृति मंत्रालय एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।पालघर जिला महाराष्ट्र का एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां की वारली जनजाति अपनी विशिष्ट कला, संस्कृति और परंपराओं के लिए देशभर में प्रसिद्ध है । वारली चित्रकला, हस्तशिल्प एवं पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए 'वारली हाट' की स्थापना की वर्षों से मांग की जा रही है, जिससे स्थानीय कारीगरों को आजीविका का साधन और वैश्विक पहचान मिल सके ।इस परियोजना हेतु भूमि की व्यवस्था की जा चुकी है और प्रारंभिक कार्य भी शुरू हो चुका है । परंतु अब इसे पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए कुल ₹21.79 करोड़ रुपये की धनराशि की आवश्यकता है । इस महत्वाकांक्षी सांस्कृतिक व आर्थिक परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से विशेष वित्तीय सहायता और संस्कृति मंत्रालय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है । अतः मेरी सरकार से विनम्र मांग है कि पालघर जिले में 'वारली हाट' की स्थापना हेतु ₹21.79 करोड़ की केंद्रीय सहायता शीघ्र स्वीकृत की जाए एवं आवश्यक राशि तत्काल जारी की जाए, ताकि वारली कला-संस्कृति को प्रोत्साहन और आदिवासी समाज को आर्थिक सशक्तिकरण मिल सके ।